The Mines And Minerals (Development And Regulation) Amendment Bill, 2026-passed

THE MINISTER OF COAL; AND MINISTER OF MINES (SHRI G. KISHAN REDDY): Hon. Chairperson, Sir, I rise to move:

?That the Bill further to amend the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957, be taken into consideration.?

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

?कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : जय प्रकाश जी, एक मिनट के लिए मेरी बात सुन लीजिए ।

? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I am requesting all the hon. Members who have to move amendments on this particular Bill to take your seats. I will allow you.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति : जिन्हें संशोधन मूव करने हैं, वे सभी सदस्य अपने-अपने स्थान पर चले जाएं । अन्यथा, मैं सभी खंडों को सभा के निर्णय के लिए एक साथ लूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, आप क्या कहना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I have a point of order. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Are you moving your amendment?

? (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I have a point of order. This House has no authority to pass this legislation. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Are you moving your amendment?

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will not allow.

? (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: This is against the Constitution and against the judgement of the Supreme Court. It is against the federal character of the Constitution. This House has no authority to pass this legislation. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*? (Interruptions) ?**

माननीय सभापति : श्री अरुण नेहरू जी, श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील जी, प्रो. सौगत राय जी, श्री अभय कुमार सिन्हा जी, श्री सचिदानन्दम आर. जी, श्री बैन्नी बेहनन जी, श्री मनोज कुमार जी और श्री दुरई वाइको जी, इतने माननीय सदस्यों

के द्वारा संशोधन के नोटिसेज़ आए हैं । मैं सभी खंडों को सभा के निर्णय के लिए एक साथ ले लूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

?कि खंड 2 से 5 विधेयक का अंग बने ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खंड 2 से 5 विधेयक में जोड़ दिए गए ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए ।

SHRI G. KISHAN REDDY: Hon. Chairperson, Sir, with your permission, I rise to move:

?That the Bill be passed.?

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

?कि विधेयक पारित किया जाए ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

———

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, मेरी बात सुन लीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, यह जो बिल आपके समक्ष मतदान हुआ, अगर इस बिल पर वाकई आपका विरोध था और आप इस बिल पर विरोध करना चाहते थे, तो विरोध का तरीका आपके पास था । आपने अमेंडमेंट मूव किया था । उस अमेंडमेंट पर बोलने के लिए आपका पूरा अधिकार था । जब बिल माननीय मंत्री ने प्रस्तुत किया और विचार हो रहा है, तो जो सदन की वैल में खड़े हैं, आप अपनी सीट पर जाएं ।

? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: It is clear that you are not going to oppose this Bill. If you were interested in opposing the Bill, तो आपने पार्टिसिपेट क्यों नहीं किया । आपका अमेंडमेंट है और माननीय मंत्री प्रस्ताव कर रहे हैं कि इस पर विचार कीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : शोर करके आप आने वाली पीढ़ियों को क्या मैसेज दे रहे हैं?

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : जय प्रकाश जी, आप पहले भी एमपी रहे हैं । मणिक्कम टैगोर जी, आप आने वाली पीढ़ियों को क्या मैसेज देंगे । You are a Member of Parliament. You are the Chief Whip of your party.

? (*interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members have to move amendments और मंत्री जी ने विचार करने के लिए कहा है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्याम आप क्यों खड़े हैं? प्रतिभा आप यहां क्यों खड़ी हैं? ये सारे लोग यहां खड़े हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मीणा जी, मुझे लगता है कि आप में से कोई इसमें अवसर नहीं लेना चाहता है । पूरा देश इस बात को देख रहा है कि जो भी महत्वपूर्ण बिल है, देश के हित में है, देश की जनता के लिए है, उस पर सरकार के द्वारा विचार करने और उसे प्रस्तुत करने के आग्रह के बावजूद भी आप उस पर चर्चा में भाग नहीं लेना चाहते हैं ।

? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*? (Interruptions) ? **

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू): वेणुगोपाल जी, अखिलेश यादव जी और हमारे कई वरिष्ठ साथी हैं, आप इन लोगों को डिसिप्लिन से अपना प्रोटेस्ट करने के लिए समझाइए । ? (व्यवधान) ये बहुत इनडिसिप्लिन्ड हैं । ये जो काम कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है । गृह मंत्री जी ने आज फिर एक पत्र लिखकर स्पीकर साहब से अनुरोध किया है कि नीट एग्जाम को लेकर छात्रों का जो आंदोलन हुआ, उस पर अभी चर्चा शुरू कर सकते हैं । हम लोग तैयार हैं । ? (व्यवधान)

हम अभी चर्चा शुरू कर सकते हैं, आप लोग शांति से बैठियेगा ।? (व्यवधान) हम लोग अभी इसी वक्त चर्चा के लिए तैयार हैं ।? (व्यवधान) गृह मंत्री जी रुके हुए हैं । वे चर्चा के लिए कल से रुके हुए हैं ।? (व्यवधान) हम चर्चा तुरंत शुरू कर सकते हैं ।? (व्यवधान)